कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी।

प्रेस-नोट

दिनांक- 04.11.2024

विषय:- जैतपुरा पुलिस द्वारा लूट व हत्या के प्रयास में वांछित अभियुक्ता गिरफ्तार।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी महोदय द्वारा अपराधों की रोकथाम के मद्देनजर चोरी/लूट की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के निर्देशन मे, अपर पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त चेतगंज व थानाध्यक्ष जैतपुरा के नेतृत्व में थाना जैतपुरा पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0- 241/2024 धारा- 191(2), 310(2), 109, 115(2), 352, 351(2), 75(2), 76 B.N.S. थाना जैतपुरा, कमिश्नरेट वाराणसी से संबंधित वांछित अभियुक्ता को मुखबिर की सूचना पर दिनांक 04/11/2024 को गोवर्धन यादव के कटरे के पास ढेलवरिया से गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण- दिनांक 03/11/2024 को वादिनी मुकदमा ने लिखित सूचना दिया कि दिनांक 03/11/2024 को समय शाम करीब 17.00 बजे विपक्षीगण द्वारा एक राय होकर घर का तम्बू, परदा फाड़कर सामान लूटने से मना करने पर गाली गलौज करते हुये जान से मारने की नियत से लाठी, डण्डे, ईट पत्थर से आवेदिका व उसके पिता को मारना पीटना व आवेदिका के साथ अश्लील हरकत करना व कपड़े फाड़ देने व धमकी देकर भाग गये है। जिसके आधार पर दिनांक 03/11/2024 को थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0- 0241/2024 धारा- 191(2), 310(2), 109, 115(2), 352, 351(2), 75(2), 76 B.N.S. पंजीकृत किया गया था।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

1. एक नफर अभियुक्ता।

आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0- 241/2024 धारा- 191(2), 310(2), 109, 115(2), 352, 351(2), 75(2), 76 B.N.S. थाना जैतपुरा, कमिश्नरेट वाराणसी।

गिरफ्तार/सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. उ0नि0 श्री बृजेश कुमार मिश्रा, थानाध्यक्ष, थाना जैतपुरा, कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 श्री उ0नि0 सत्यदेव गुप्ता, चौकी प्रभारी चौकाघाट, थाना जैतपुरा, कमिश्नरेट वाराणसी।
3. म0उ0नि0 निधि वाजपेई, थाना जैतपुरा, कमिश्नरेट वाराणसी।
4. म0का0 बिन्दू वर्मा, थाना जैतपुरा, कमिश्नरेट वाराणसी।
5. का0 का0 विपिन मिश्रा, थाना जैतपुरा, कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त, जोन-काशी,
कमिश्नरेट वाराणसी।